सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 10/06/2024

व्यक्ति को गोली मारकर पशु लूटकर ले जाने वाले अभियुक्तो को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 तमंचा, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर,01 बांका, 01 फर्जी नंबर प्लेट व टाटा 407 लोडर किया गया बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 10.06.24 को वादी रामबरन पुत्र रामकिशन ग्राम बटौआ थाना सैफई इटावा द्वारा थाना सैफई पर तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 09/10.06.2024 की रात्रि समय 02:30 बजे 04 अज्ञात चोर वादी रामबरन की भैंस खोलकर ले जा रहे थें। वादी के विरोध करने पर उसे गोली मार दी एवं वादी की पत्नी को ईंट फेंककर घायल कर दिया तथा तमंचे के बल पर भैस को पिकअप मे लादकर जबरन लूट ले गये। वादी की तहरीर पर थाना सैफई पर **मु0अ0सं0 115/24 धारा 394/307/336 भादवि** पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे घटना के शीघ्र अनावरण हेतु थाना सैफई से पुलिस टीमों का गठन किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिय गये निर्देशों के क्रम मे आज दिनांक 10.06.24 को थाना सैफई पुलिस टीम मु0अ0सं0 115/24 से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुयी कि हैवरा बाईपास पर एक वाहन दुर्घटना हुयी है जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक टाटा 407 लोडर एक ट्रक से टकरा गया है जिसमे 02 भैसे बंधी हुयी है तथा 02 व्यक्ति चालक व परिचालक की मौके पर ही मृत्यु हो गयी जिन्हे पीजीआई सैफई भिजवाया गया तथा पीछे बैठे व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो **अभियुक्त राजू पुत्र लालाराम व नौशाद पुत्र छवि को 01 घटना मे प्रयुक्त 01 तमंचा, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर,01 बांका, 01 फर्जी नंबर प्लेट व टाटा 407 लोडर सहित हैवरा बाईपास से समय 05:45 बजे गिरफ्तार किया गया।**

एवं बरामद वाहन (टाटा 407) को धारा 207 एमवी एक्ट मे सीज किया गया है।

पुलिस पूछताछः-

गिरफ्तार अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ की गयी तो बताया हम लोग भैस चोरी करने का काम करते है तथा आज भी हम लोग पास के गांव मे भैंस चोरी करने आये थे। भैस चोरी करते वक्त लोगो के जाग जाने पर हमने भैंस के मालिक पर फायर कर दिया और गांव वालो पर ईंट पत्थर बरसाते हुये असलहों के बल पर भैंस को लूटकर भाग गयें।

उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना सैफई पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 115/24 धारा 394/307/336 भादवि मे धारा 420/465/34/411 भादवि, धारा 3/25 व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट** एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. नौशाद पुत्र छवि निवासी ग्राम नदरई थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज उम्र 19 वर्ष।
2. राजू पुत्र लालाराम निवासी ग्राम नदरई थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज उम्र 28 वर्ष।

मृतक अभियुक्त

1. बदरू पुत्र रहमत निवासी नदरई थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज (**चालक**)
2. शौकत अली उर्फ भुल्ली पुत्र रहमत निवासी नदरई थाना कोतवाली कासगंज जनपद कासगंज (**परिचालक**)

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 115/24 धारा 394/307/336/420/465/34/411 भादवि, धारा 3/25 व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

राजू पुत्र लालाराम

1. मु0अ0सं0 296/19 धारा 307/419/420/467/468/471 थाना सोरो जनपद कासगंज।
2. मु0अ0सं0 297/19 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना सोरो जनपद कासगंज।

शौकत अली उर्फ भुल्ली पुत्र रहमत (मृतक)

1. मु0अ0सं0 409/20 धारा 307/427 भादवि थाना अछनेरा पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा।
2. मु0अ0सं0 206/20 धारा 379/411 भादवि थाना शमशाबाद पूर्वा कमिश्नरेट आगरा।
3. मु0अ0सं0 93/21 धारा 382 भादवि थाना बरहन पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा।
4. मु0अ0सं0 99/21 धारा 307/414/420/465/468/471 भादवि थाना बरहन पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा।
5. मु0अ0सं0 100/21 धारा 25 ए एक्ट भादवि थाना बरहन पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा।
6. मु0अ0सं0 110/20 धारा 307 भादवि थाना बरहन पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा।
7. मु0अ0सं0 111/20 धारा 3/8 गो वध निवारण अधिनियम उ0प्रदेश थाना बरहन पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा।
8. मु0अ0सं0 119/20 धारा 379/ 411 भादवि थाना बरहन पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा।
9. मु0अ0सं0 102/23 धारा 379 भादवि थाना अलीगंज जनपद एटा।
10. मु0अ0सं0 179/17 धारा 380/457 भादवि थाना अमापुर जनपद कासगंज।
11. मु0अ0सं0 224/17 धारा 380/457 भादवि थाना अमापुर जनपद कासगंज।
12. मु0अ0सं0 264/17 धारा 147/148/149/307 भादवि थाना अमापुर जनपद कासगंज।
13. मु0अ0सं0 564/17/17 धारा 379/411 भादवि थाना कासगंज जनपद कासगंज।
14. मु0अ0सं0 104/22 धारा 379/411 थाना नगला खंगर जनपद फिरोजाबाद।
15. मु0अ0सं0 55/21 धारा 307/379/511 थाना मख्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।
16. मु0अ0सं0 211/20 धारा 420/467/468/471 थाना मखखनपुर जनपद फिरोजाबाद।
17. मु0अ0सं0 585/15धारा 379/411 भादवि थाना सूरजपुर मध्य कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर।

बरामदगी-

1. 01 तमंचा 315 बोर
2. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर
3. 01 बांका
4. 01 टाटा 407 लोडर (**घटना मे प्रयुक्त) धारा 207 एमवी एक्ट मे सीज।**
5. 01 फर्जी नंबर प्लेट

पुलिस टीम –निरी0 श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना सैफई, उ0नि0 नितिन कुमार मय टीम।